C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 6:46 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 5:44 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी वर्ष 18 अंक 69 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. शनिवार, 30 अगस्त 2025

बागी 4 का ट्रेलर रिलीज...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### मानव तस्करी मामलों को लेकर ट्रैफिकिंग सेल स्टाफ को लाइनहाजिर किया

**हल्द्वानी।** मानव तस्करी और उससे जुड़े गंभीर मामलों में लगातार हो रही लापरवाही पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा ने कड़ा रुख अपनाते हुए एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल के पूरे स्टाफ को तत्काल प्रभाव से लाइनहाजिर कर दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, लगातार निर्देशों के बावजूद बच्चों की रिकवरी, भिक्षावृत्ति की रोकथाम और अनैतिक देह व्यापार जैसे मामलों में सैल द्वारा कोई भी ठोस व प्रभावी कार्यवाही नहीं की जा रही थी। हालात को देखते हुए एस एस पी मीणा ने कड़ा एक्शन लेते हुए पूरे सेल की प्रभारी सहित सभी पुलिस कर्मियों को लाइन हाज़िर कर दिया जिसमें उपनिरीक्षक मंजू ज्याला, मुख्य आरक्षी गीता कोठारी, महिला आरक्षी दीपा सिंह, कांस्टेबल महेंद्र सिंह, कांस्टेबल मनोज यादव, महिला आरक्षी इंद्रा जोशी, मीणा ने स्पष्ट किया कि कर्तव्यों के प्रति लापरवाही और संवेदनशील मामलों में निष्क्रियता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस की प्राथमिकता पीड़ितों को न्याय और सुरक्षा देना है, न कि आंकड़ों की खानापूर्ति। संवेदनशीलता से समझौता नहीं, लापरवाहों की खैर नहींएस एस पी नैनीताल का सख्त संदेश इस कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है ।

### कुमाऊं विवि के कूटा ने सांसद अजय भट्ट से मुलाकात की

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) ने नैनीताल दौरे पर पहुंचे नैनीताल-ऊधमसिंह नगर क्षेत्र के सांसद अजय भट्ट से मुलाकात की। इस दौरान कूटा के प्रतिनिधियों ने सांसद से कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के संविदा और अतिथि शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराने के साथ ज्ञापन दिया तथा उनकी समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने की गुजारिश की। कूटा ने कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल में कार्यरत नियमित प्राध्यापकों जिन्हें 10 वर्ष पूर्ण हो गए हैं को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमानुसार पे लेवल 15 देने की भी मांग की है।

# बदरीनाथ हाईवे मलबा आने से पागलनाला सहित कई स्थानों पर बाधित

चमोली
हमारे संवाददाता

बदरीनाथ हाईवे पागलनाला, भनेरपाणी, नंदप्रयाग और गौचर के समीप कमेड़ा में मलबा आने से सुबह से अवरुद्ध है। भारी मलबे के चलते हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लगी है। तीर्थयात्री हाईवे खुलने का इंतजार कर रहे हैं। मलबे की सफाई कर वाहनों की आवाजाही शुरू करवा दी गई है, लेकिन हिल साइड पर अब भी मलबा जमा है, जिससे कभी भी रास्ता फिर बंद हो सकता है। गुजरात के तीर्थयात्रियों ने बताया कि श्रीनगर से पीपलकोटी तक पहुंचने में 16 घंटे



लग गए। बदरीनाथ हाईवे जगह-जगह खतरनाक बना हुआ है। गौचर के पास कमेड़ा, और सिमली-ग्वालदम-अल्मोड़ा हाईवे के नौली, मिंग गदेरा और काल जाबर में भी हाईवे बंद है। बारिश से लगातार पहाड़ियां टूट रही हैं और सड़कों पर मलबे के ढेर लगे हैं। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि सभी जगहों पर मलबा हटाने और मार्ग खोलने का कार्य जारी है। जल्द ही वाहनों की आवाजाही बहाल की जाएगी।

## यमुनोत्री हाईवे मलबा आने से जगह-जगह बंद

**उत्तरकाशी।** लगातार बारिश के कारण यमुनोत्री हाईवे जगह-जगह बंद हो गया है। मलबा, बोल्डर और भू-धंसाव के कारण आवागमन रुक गया है। स्यानाचट्टी क्षेत्र में यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से पानी मोटर पुल के ऊपर पहुंच गया है, जिससे पुल खतरे की जद में आ गया है। होटलों में पानी एक ओर से घुसकर दूसरी ओर से निकल रहा है। कई होटलों की पहली मंजिलें जलमग्न हो गई हैं, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत है। स्थानीय निवासी जयपाल सिंह रावत, नवदीप सिंह, बलदेव



सिंह और शैलेन्द्र सिंह राणा ने बताया कि उन्होंने पूरी रात जागकर बिताई। फिलहाल बारिश थमी है और मौसम साफ है, लेकिन खतरा अभी भी बरकरार है।

मुंबई से अहमदाबाद के बीच यही ट्रेन चलेगी

# जापान की हाई-स्पीड बुलेट ट्रेन से सेनडाई पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली
एजेंसी

अमेरिकी टैरिफ से मची वैश्विक उथल-पुथल के बीच पीएम मोदी जापान और चीन के दौरे पर हैं। आज पीएम मोदी के जापान दौरे का दूसरा दिन है।

वे आज भी वहां कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। वे टोक्यो इलेक्ट्रॉन फैक्ट्री का मुआयना करने जाएंगे। उन्होंने जापान की हाई-स्पीड बुलेट ट्रेन की सवारी भी की। जापानी समकक्ष शिगेरू इशिबा के साथ टोक्यो से सेंदाई तक यात्रा की। इस यात्रा को लेकर जापान के पीएम शिगेरू इशिबा ने ट्वीट कर जानकारी दी। जापान के बाद आज ही पीएम मोदी चीन की ऐतिहासिक यात्रा पर रवाना होंगे। जहां वे एससीओ के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। चीन में पीएम मोदी की चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ भी बैठकें करेंगे।

वहीं, बुलेट ट्रेन से सेंडाई रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को टोक्यो में 16 जापानी



प्रान्तों के राज्यपालों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी के तहत राज्य-प्रान्त सहयोग को मजबूत करने का आह्वान किया।

विदेश मंत्रालय (एमईए) ने इस बारे में जानकारी दी। चर्चा में प्रौद्योगिकी, नवाचार, निवेश, कौशल, स्टार्ट-अप और लघु एवं मध्यम उद्यमों के क्षेत्र में भारतीय राज्यों और जापानी प्रान्तों के बीच बढ़ती साझेदारी को और गहरा करने के तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

विदेश मंत्रालय (एमईए) ने बताया कि प्रधानमंत्री ने राज्य-प्रान्तों के बीच सहयोग की संभावनाओं पर प्रकाश डाला और इस संबंध में साझा प्रगति के लिए 15वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन के दौरान शुरू की गई राज्य-प्रान्त साझेदारी पहल के तहत कार्रवाई करने का आग्रह किया।

# भूस्खलन: जम्मू-कश्मीर में घर ढहने से एक ही परिवार के सात लोगों की मौत

जम्मू
एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले के माहौर तहसील के बद्दर गांव में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में एक घर गिर गया, जिसमें एक परिवार के सात लोगों की मौत हो गई। मौके पर राहत और बचाव अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक, यह घटना सुबह-सुबह उस समय घटी जब भूस्खलन के कारण ढलान पर स्थित मकान मलबे में दब गया। घटना के समय घर में परिवार के कई सदस्य मौजूद थे। पुलिस, एसडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन के कर्मियों सहित बचाव दल तुरंत मौके पर पहुंचे और अब सभी शव बरामद कर लिए गए हैं। जिला प्रशासन ने पहाड़ी और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में रहने वाले निवासियों से सतर्क रहने और भारी बारिश के दौरान संवेदनशील ढांचों में रहने से बचने की अपील की है। जम्मू-कश्मीर के माहौर तहसील के एक छोटे से गांव कराड़ा में बीती रात बादल फटने की दुखद घटना हुई। इस हादसे में नजीर अहमद, उनकी पत्नी वजीरा बेगम और उनके पांच बच्चों की मौत हो गई।

जेकेएनसी के विधायक खुर्शीद अहमद ने जानकारी देते हुए बताया कि इलाके में पहले कभी इतनी भारी बारिश नहीं देखी गई थी। स्थानीय ग्रामीणों ने सुबह घटनास्थल से सभी शवों को बरामद किया।



## श्री खाटू श्याम का लगाया भव्यदरबार

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

देवभूमि सामाजिक मंच द्वारा चल रहे श्री गणेश महोत्सव में आज तीसरे दिन की प्रात: कालीन पूजा की गई तीसरे दिन की सांस्कृतिक कार्यक्रम में बाबा श्री खाटू श्याम का भव्यदरबार लगाया गया भजन संध्या में मास्टर बॉबी म्यूजिकल ग्रुप दिल्ली द्वारा सुंदर-सुंदर भगवान श्री गणेश जी एवं भगवान खाटू श्याम जी के भजन प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम में आज मुख्य कार्यक्रम संयोजक हिमांशु वार्ष्णेय, पवन गुप्ता डब्बू मंगल सिंह जीना अजय गोयल मिंटू गुप्ता सहित अनेकों लोग मौजूद थे आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री ललित जोशी मौजूद रहे रहे।



## प्रथम प्रतिकर्ता प्रशिक्षण में महिला महाविद्यालय एन.एस.एस. इकाई की सक्रिय सहभागिता

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय, हल्द्वानी एवं मेरा युवा भारत, नैनीताल के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय, हल्द्वानी में प्रथम प्रतिकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं अथवा आकस्मिक आपदाओं की स्थिति में आम नागरिकों, विशेषकर युवाओं को प्रारम्भिक उपचार एवं त्वरित सहायता प्रदान करने के लिए तैयार करना रहा। प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रतिभागियों को कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन , रक्तस्राव रोकने की तकनीक, आपातकालीन चिकित्सा सहायता, घायल व्यक्ति को सुरक्षित अस्पताल



तक पहुँचाने की प्रक्रिया तथा सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर महिला महाविद्यालय हल्द्वानी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयंसेविकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। छात्राओं को व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक दोनों प्रकार का प्रशिक्षण दिया गया, जिससे वे आपदा एवं दुर्घटना की स्थिति में 'प्रथम प्रतिकर्ता' की भूमिका का निर्वहन कर सकें। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. आभा शर्मा ने कार्यक्रम के प्रति अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा इस प्रकार का प्रशिक्षण छात्राओं को न केवल आत्मनिर्भर बनाता है, बल्कि उन्हें समाज में आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए भी सक्षम करता है। महिला महाविद्यालय की एन.एस.एस. इकाई सदैव समाजोपयोगी गतिविधियों में अग्रणी रही है। परिवहन विभाग एवं मेरा युवा भारत द्वारा उठाया गया यह कदम अत्यंत सराहनीय है। प्रभारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ0 रितुराज पंत ने कहा कि एन.एस.एस. स्वयंसेविकाएँ समाज सेवा की भावना से सदैव तत्पर रहती हैं। इस प्रशिक्षण से छात्राओं में संवेदनशीलता, जिम्मेदारी तथा त्वरित सहायता की क्षमता का विकास होगा, जो मानव जीवन की रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवाओं को प्रथम प्रतिकर्ता प्रशिक्षण देकर हम समाज में सुरक्षा कवच तैयार कर रहे हैं। गोल्डन ऑवर में दी गई सही प्राथमिक चिकित्सा से अनगिनत जीवन बचाए जा सकते हैं।

# श्री मां नंदा देवी महोत्सव को कदली वृक्षों को लेकर नैनीताल पहुंचे

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

नगर की प्रतिष्ठि धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा के तत्वावधान में आयोजित 123वें नौ दिवसीय श्री मां नंदा देवी महोत्सव के तहत शुक्रवार को भकजन ज्योलीकोट के समीप स्थित चोपड़ा गांव के चंदन सिंह जीना के आवास से कदली वृक्षों को लेकर नैनीताल पहुंचे।

कदली वृक्षों के नैनीताल पहुंचने पर मां नंदा सुनंदा के जयकारों के बीच माहौल भकतिमय हो गया। कदली वृक्षों को नगर भर में भ्रमण करने के बाद शाम को मां नयना देवी मंदिर परिसर में उनकी विशेष पूजा अर्चना की गयी। दूसरी ओर अब शनिवार (आज) इन कदली वृक्षों से मां नंदा व सुनंदा की मूर्तियों का निर्माण किया जाएगा।

चोपड़ा गांव में कदली वृक्षों का विधि विधान के साथ पूजन पंडित भगवती प्रसाद जोशी द्वारा किया गया,इस दौरान प्रकृति प्रेमी यशपाल रावत द्वारा दिए गए 21 पौधों का सांस्कृतिक परंपरा में रोपण किया गया।



उसके बाद वाहन के जरिए कदली वृक्षों को चोपड़ा से सूखाताल लाया गया जहां पर आदर्श रामलीला कमेटी तथा मातृ शक्ति द्वारा कदली का भव्य स्वागत किया गया कदली पूजन के बाद प्रसाद वितरण किया गया,बाद में कदली वृक्ष लेकर भकतजन मल्लीताल बाजार माल रोड होते हुए तल्लीताल मां वैष्णव देवी मंदिर में पहुंचे वहां पर कदली पूजन के साथ भरी संखया में लोग कदली को कंधे पर उठाने को तैयार रहे,बाद में काफी संखया में स्कूली बच्चे व महिलाएं घाघरा पिछोड़ा तथा टोपी में जलूस के साथ तल्लीताल बाजार, माल रोड,मल्लीताल बाजार, सभा भवन होते हुए मां नयना देवी मंदिर पहुंचे जहां आचार्य जोशी ने कदली पूजन कराया तथा लोक पारंपरिक कलाकार चंद्र प्रकाश साह ने मूर्ति निर्माण के प्रथम चरण के कार्य को शुरु किया।

इस मौके पर विधायक सरिता आर्या, राम सेवक सभा के अध्यक्ष मनोज साह, महासचिव जगदीश चंद्र बवाडी समेत गिरीश जोशी, बिमल चौधरी, राजेंद्र बिष्ट ,विमल साह, हरीश सिंह राणा, देवेंद्र लाल साह ,राजेंद्र लाल साह, रमेश जोशी, मुन्नी तिवारी, दर्जा राज्य मंत्री शांति मेहरा,मुकुल जोशी, नवीन पांडे,ज्योति कांडपाल, एडवोकेट मनोज साह, दिनेश भट्ट, भीम सिंह कार्की, कैलाश जोशी,प्रो. ललित तिवारी सहित सैकडों श्रद्धालु शामिल हुए।

## नंदा देवी महोत्सव को प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प लिया



**नैनीताल।** नगर पालिका नैनीताल की ओर से नैनीताल में आयोजित नंदा देवी के मेले व दुकानों का उद्घाटन शनिवार को राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शहीद सैनिक स्कूल के पूर्व अध्यापक जगदीश चंद्र लोहनी किया। इसके साथ ही मेले को प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प लिया।
शनिवार को पालिकाध्यक्ष सरस्वती खेतवाल ने बताया कि मेले में सफाई व्यवस्था बनाने, प्लास्टिक मुक्त रखने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

इस मौके पर विधायक सरिता आर्य, मेला अधिकारी एसडीएम धारी केएन गोस्वामी, ईओ रोहिताश शर्मा, सभासद मुकेश जोशी, अंकित चंद्रा, जीनू पांडे, भागवत रावत, रमेश प्रसाद, शीतल कटियार, लता दफोटी, मनोज जगाती, पूरन बिष्ट, कमलेश ढौंडियाल, नितिन कार्की , मोहित समेत अन्य लोग मौजूद रहें।




## होटल एसोसिएशन ने किए नंदा देवी महोत्सव के लिए 151 डस्टबिन भेंट

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

होटल एसोसिएशन नैनीताल ने नगर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए शनिवार को नगरपालिका नैनीताल को नंदा देवी महोत्सव के लिए 151 डस्टबिन भेंट किए।

यह डस्टबिन आगामी महोत्सव के दौरान मेला परिसर में लगाए जाएंगे, जिससे श्रद्धालुओं व पर्यटकों को स्वच्छ वातावरण मिल सके। इस दौरान पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल एवं ईओ रोहिताश शर्मा ने होटल एसोसिएशन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि होटल व्यवसायियों का यह योगदान नगर की स्वच्छता व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाएगा। उन्होंने होटल एसोसिएशन को महोत्सव की शुभकामनाएं भी दीं।

इस दौरान सीएसआई सुनीत कुमार, सफाई निरीक्षक कमल चौहान, सभासद मुकेश जोशी, भगवत रावत, जीतेन्द्र पांडे जीनू सहित होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट, महासचिव वेद साह, सीपी भट्ट, कमल जगाती, प्रवीण शर्मा, चंद्र विजय सिंह बिष्ट, गौरव जेटी, प्रदीप जेटी, रमनजीत सिंह बिद्ध, हितेश साह, पान सिंह, स्नेह छावड़ा, जितिन जेटी, हारून खान पम्मी समेत अन्य लोग मौजूद रहें।

## बीएलएम एकेडमी में राष्ट्रीय दो दिवसीय खेल महोत्सव का समापन

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

बीएलएम एकेडमी में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद के जन्म दिवस राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर एक घंटा खेल के मैदान में थीम पर आयोजित दो दिवसीय विशेष खेल महोत्सव के समापन पर किया गया। प्रधानाचार्या डा. गायत्री कंवर, उप प्रधानाचार्या संगीता माथुर और एकेडमिक कोर्डिनेटर पूनम क्वात्रा और ट्विन विन संस्था के सह संस्थापक अंशुल वशिष्ठ ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए । भारतीय खेल प्राधिकरण की पहल पर योगासन, टाई क्वांडो , टेबल टेनिस और खेल क्विज आदि प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. संचालन योगाचार्य हेमंत जोशी ने किया . जितेंद्र गुरुरानी ने आभार व्यक्त किया. नंदिनी वोहरा ने खेलों की उपयोगिता पर प्रकाश डाला. इस दौरान आयोजित योग प्रतियोगिता में शैली सैनी, काव्या जोशी,अंशिका मियां , कंचन शाही और तनिष्क चमलेगी ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय,तृतीय और चतुर्थ स्थान प्राप्त किया. टाई क्वांडो में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर अर्णव सिंह, जैद सैफी,मानस परगाई, ऋषभ बिष्ट, निशांत रैक्वाल, गणेश कांडपाल, दिव्यांशु बोरा, वैदिक उपाध्याय को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया. टेबल टेनिस में ने जतिन फुलारा, हार्दिक मिश्रा और सुयश क्रमश: प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। खेल क्विज में हृदयांश मेहरा ,आयुष्मान रावत और विवान मेहरा ने क्रमश ः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया . खेल शिक्षक निश्चल जोशी के निर्देशन में आयोजित विशेष आयोजन के सफलतापूर्वक संचालन में खेल विभाग की ओर से संजय सजवान , रंजना बोरा ,वंदना नेगी और यशिका सुयाल ने सहयोग किया।



## NEWS / फटाफट

### अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने की मांग

**नैनीताल ।** जिले के ओखलकांडा क्षेत्र के ग्राम पंचायत गलनी की पहली बैठक ग्राम प्रधान भावना बर्गली की अध्यक्षता में हुई। बैठक में महिलाओं ने क्षेत्र में अवैध रुप से बिक रही शराब पर रोक लगाने की मांग को प्राथमिकता से उठाया। बैठक में महिलाओं ने कहा कि अगर शराब पर पाबंदी नहीं लगी तो वह गांव-गांव जाकर महिलाओं के समूह बनाएंगी और शराब के विरोध में उग्र आंदोलन करेंगी। बैठक में जानकी बर्गली, नंदी बर्गली, कौशल्या, प्रेमा, रेखा, हेमा तथा हीरा समेत अन्य महिलाओं ने विचार रखे।

### 10 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

**नैनीताल ।** राजकीय वाहन चालक संघ वन विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मोहन सिंह नयाल वाहन चालकों की 10 सूत्रीय मांगों को लेकर नैनीताल में मुख्य वन संरक्षक (कुमाऊं) को ज्ञापन सौंपा तथा मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की। नयाल ने ज्येष्ठता के आधार पर राजकीय वाहनों का आवंटन करने,हर तीन माह में यात्रा भत्ता बिलों का भुगतान करने,वर्दी भत्ता तीन हजार रुपएं देने समेत दस सूत्रीय मांगों पर कार्रवाई की मांग की है।

### समाज सेविका कविता ने नेक पहल की



**नैनीताल ।** सरोवर नगरी में लगातार हो रही बारिश के चलते नैनीताल में वरिष्ठ समाज सेविका कविता गंगोला ने नेक पहल की है। गंगोला की ओर से शुक्रवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय ऑडिट रूम निकट नगर पालिका मल्लीताल में शिक्षिका रोशन आरा एवं ज्योति महारा की देख रेख में बच्चों को बारिश से बचाव के लिए छाता वितरित किए गए। कार्यक्रम में सभासद भगवत रावत समेत समाजसेवी खजान सिंह डंगवाल, लाल सिंह बिष्ट, शैलेन्द्र बरगली, पूरन सिंह अधिकारी तथा संतोष कुमार उपस्थित रहे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## युवक पर नाबालिग को बहला फुसला कर भगा ले जाने का आरोप

**हल्द्वानी।** नगर में नाबालिग किशोरी को बहला फुसला कर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। पुलिस आरोपी और किशोरी की तलाश कर रही है। एक महिला अपनी बेटी और बेटे के साथ होटल में खाना पैक करवा रही थी। खाना पैक होने के बाद मां और बेटा लड़की का इंतजार करते रहे, लेकिन वह लौटकर नहीं आई। काफी खोजबीन के बाद परिजनों को पता लगा की बेटी को तिकोनिया में छोले भटूरे की एक दुकान में काम करने वाला गोविंद बहला फुसला कर भगा ले गया। परिजनों द्वारा पुलिस को तहरीर सौंपी तहरीर में लापता किशोरी के भाई ने बताया कि 27 अगस्त को वह अपनी मां और बहन के साथ हल्द्वानी रोडवेज के पास स्थित रेस्टोरेंट गए थे। मां रेस्टोरेंट से खाना पैक कर रही थी तभी उसकी बेटी पड़ोस की दुकान में चली गई। खाना पैक करने के बाद मां और बेटा लड़की का इंतजार करते रहे लेकिन वह लौटकर नहीं आई।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

जिला मुखयालय नैनीताल में राष्ट्रीय खेल दिवस के विशेष मौके पर शुक्रवार को विभिन्न स्कूलों में कई खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल में प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता द्वारा छात्राओं के फुटबॉल मैच का उद्घाटन किया। विद्यालय के बास्केटबॉल खिलाड़ियों के मध्य बास्केटबॉल मैच का आयोजन व्यायाम शिक्षक गोविन्द सिंह बोरा द्वारा किया गया।विद्यालय के विभिन्न वर्गों में वालीबॉल प्रतियोगिता आयोजित हुई।

विद्यालय में छात्राओं की हाकी प्रतियोगिता आयोजित की गई।

प्रतियोगिता के आयोजन में उपप्रधानाचार्य प्रवीण सती, प्रवक्ता डां रेनू बिष्ट, सहायक कोच मानिक साह ने सहयोग किया। प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता ने सभी अभिभावकों व शिक्षकों और खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेलों का प्रमुख उद्देश्य सर्वप्रथम विद्यार्थियों को फिट रखना है। उसके बाद उनमें खेल भावना मित्रता, आपसी तालमेल और नेतृत्व क्षमता विकसित करके राज्य और देश का नाम रोशन करना है । कहा कि विद्यालय में नैनीताल बैंक के सहयोग से हॉकी अकादमी की स्थापना करके नैनीताल से लुप्त हो रही हाकी को पुनर्जीवित किया जा रहा है। आज विद्यालय के खिलाड़ी नैनीताल नगर क्षेत्र में के साथ ही नैनीताल जिले में और उत्तराखंड राज्य से आगे बढक़र राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं और भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय में खेलों का भविष्य उज्जवल है, इसके लिए विद्यालय के कोच श्री गोविंद सिंह बोरा भी बधाई के पात्र हैं और छात्राओं में भी फुटबॉल व हॉकी और वॉलीबॉल खो.खो प्रति रुचि का माहौल बन रहा है ।



ऑल सेंट्स कॉलेज में राष्ट्रीय खेल दिवस पर एक मैत्रीपूर्ण बास्केटबॉल मैच का आयोजन किया गया।इस रोमांचक मुकाबले में ऑल सेंट्स बलू और ऑल सेंट्स व्हाइट टीमों के बीच जोरदार भिड़ंत हुई। बलू टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 32-12 से जीत दर्ज की।

बलू टीम की ओर से ज़ैना रहमान ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए 12 अंक अर्जित किएए जबकि व्हाइट टीम की ओर से अनन्या पिमोली ने 6 अंक जुटाए। खेल का निर्णायकों की भूमिका में गोपाल बिष्ट और दिक्षित बिष्ट रहे। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अंजिना रिचर्ड्स ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और सभी छात्र.छात्राओं को खेल को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर विद्यालय की सभी छात्रावास में रहने वाली छात्राएँ और अध्यापकगण उपस्थिति रहे और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। मैच के पहले सभी छात्राओं ने संकल्प लिया कि वे प्रतिदिन कम से कम एक घंटा खेल मैदान में बिताएंगे।

# अभिमत

## समानता का सिद्धांत

*शीर्ष अदालत ने कहा, यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि सेंट पॉल हाईस्कूल और सेंट स्टीफन कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चे और देश के पिछड़े तथा दूरदराज स्थित छोटे से गांव में पढ़ने वाले बच्चे को एक ही श्रेणी में रखना, संविधान में मौजूद समानता के सिद्धांत को खत्म कर देगा। यदि कोई व्यक्ति आरक्षण का लाभ पाकर चपरासी अथवा सफाई कर्मचारी का पद प्राप्त कर लेता है, तो सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़ा बना रहेगा। शीर्ष अदालत ने परोक्ष रूप से आर्थिक आधार पर आरक्षण को सही बताया है, लेकिन जातिवाद को कायम रखा है। जाति आधारित आरक्षण से समाज में समानता नहीं आयेगी।*

सुप्रीमकोर्ट ने आरक्षण के मुद्दे पर ऐतिहासिक फैसला दिया है। ओबीसी आरक्षण में क्रीमीलेयर का प्रावधान पहले से है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति में क्रीमीलेयर का वर्गीकरण नहीं किया गया था। अब एससी-एसटी में भी क्रीमीलेयर लागू होगा। शीर्ष अदालत ने क्रीमीलेयर द्वारा अपनी ही जाति के कमजोर वर्ग का हक मारने पर महत्वपूर्ण और समाजशास्त्रियों द्वारा हमेशा दिये जाने वाले सुझाव का समर्थन किया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि सेंट पॉल हाईस्कूल और सेंट स्टीफन कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चे और देश के पिछड़े तथा दूरदराज स्थित छोटे से गांव में पढ़ने वाले बच्चे को एक ही श्रेणी में रखना, संविधान में मौजूद समानता के सिद्धांत को खत्म कर देगा। यदि कोई व्यक्ति आरक्षण का लाभ पाकर चपरासी अथवा सफाई कर्मचारी का पद प्राप्त कर लेता है, तो सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़ा बना रहेगा। शीर्ष अदालत ने परोक्ष रूप से आर्थिक आधार पर आरक्षण को सही बताया है, लेकिन जातिवाद को कायम रखा है। जाति आधारित आरक्षण से समाज में समानता नहीं आयेगी। संविधान में निहित सामाजिक और आर्थिक न्याय के सिद्धांत से ही समस्या का समाधान हो सकता है। आरक्षण का लाभ लेकर अधिकारी का पद पाने वालों के बच्चे महंगी फीस वाले स्कूलों में पढ़ते हैं। कॉलेज की पढ़ाई पूरी होने पर महंगी कोचिंग के बाद आईएएस, पीसीएस तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से अधिकारी बन जाते हैं। किसी भी जाति के अधिकारी और सम्पन्न वर्ग के बच्चे निजी महंगे स्कूल में पढ़ते हैं। उच्च जाति के गरीब अभिभावक के बच्चे अनुसूचित जाति के आर्थिक रूप से सम्पन्न बच्चों से पीछे तथा बदहाल स्थिति में रहते हैं। जातिवादी आरक्षण की पैरवी करने वाले जिस तथाकथित मनुवादी व्यवस्था की दलील देते हैं, वह प्राचीन भारत में नहीं थी। लोगों के पेशे, प्रतिभा, गुणों व स्वभाव के अनुसार सामाजिक व्यवस्था का वर्गीकरण किया गया था। समाज के सभी वर्ग अपने कार्य और प्रतिभा के अनुरूप जीवकोपार्जन करते थे, इसी लिए भारत की प्राचीन अर्थव्यवस्था में सभी लोग आत्मनिर्भर थे। वर्तमान में विभिन्न समस्याओं की जड़ आर्थिक रूप से समाज का आत्मनिर्भर नहीं होना है। वोट बैंक की राजनीति के तहत जातिवादी नफरत से हिंसा और अपराध बढ़ रहे हैं। जातिवादी आरक्षण से गिने-चुने लोगों को लाभ हो रहा है। अधिकतर लोगों को नुकसान हो रहा है।

# व्यापारियों व पुलिस के बीच विवाद, नारेबाजी की

### मेडिकल स्टोर में सीसीटीवी न होने पर चालान, सडक़ पर बैठे रहे कारोबारी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के तल्लीताल बाजार में मेडिकल स्टोर में सीसीटीवी नहीं होने पर पुलिस के चालान काटने पर बवाल मच गया। पुलिस और कारोबारी के बीच विवाद बढ़ा तो कारोबारियों ने बाजार बंद कर दी। वहीं तल्लीताल चौराहे पर नारेबाजी कर व्यापारियों ने सडक़ पर बैठ यातायात रोक दिया। लगभग ढाई घंटे तक कारोबारी सडक़ पर बैठे रहे।



जानकारी के अनुसार शुक्रवार को तल्लीताल में पुलिस की ओर से मेडिकल स्टोर में सीसीटीवी कैमरों की जांच के लिए अभियान चलाया। इस दौरान एक मेडिकल स्टोर पर सीसीटीवी कैमरे नहीं मिलने पर पुलिस ने चालान कर दिया। इस दौरान व्यापारी व पुलिस के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो व्यापार मंडल के पदाधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। इस दौरान पुलिस व व्यापारियों के बीच बहस हो गई। जिसके चलते व्यापारियों ने बाजार बंद का एलान कर दिया। बाजार बंद कर व्यापारी तल्लीताल डांठ चौराहे पर पहुंच गए। जहां उन्होंने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। नारेबाजी के दौरान पुलिस ने व्यापारियों को सडक़ से हटने को कहा तो गुस्साए व्यापारी सडक़ पर बैठ गए। व्यापारियों ने नारेबाजी कर महिला पुलिसकर्मी को हटाने की मांग की। इस दौरान यातायात बाधित हुआ तो एसओ तल्लीताल मौके पर पहुंच गए। लेकिन उसके बाद भी व्यापारी सडक़ से नहीं हटे। जब दो घंटे तक व्यापारी सडक़ से नहीं हटे तो सीओ भी मौके पर पहुंच गए। इस दौरान विधायक सरिता आर्य व पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल भी मौके पर पहुंच गई। व्यवारियों ने एसएसपी को फोन कर महिला पुलिस कर्मी के स्थानांतरण की मांग की। एसएसपी के आश्वासन के बाद छह बजे से शुरू हंगामा साढ़े आठ बजे शांत हो पाया।मामले में सीओ सुमित पांडे ने कहा कि चालानी कार्रवाई को लेकर व्यापारियों ने विरोध किया था। जिसको लेकर वह सडक़ पर धरने पर बैठ गए थे इस दौरान यातायात भी बाधित हुआ। व्यवारियों से वार्ता कर मामले में जांच के लिए सात दिन का समय मांगा गया है। वहीं महिला एएसआई की ओर से तब तक कोई चालानी कार्रवाई नहीं की जाएगी।

## आज से होगा मेले में दुकान लगाने वालों का सत्यापन

**नैनीताल** । नंदा देवी मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस चौकन्नी हो गई है। मेले में दुकान लगाने वालों का शनिवार (आज) से सत्यापन शुरू किया जाएगा। बिना सत्यापन दुकान में काम करते मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि नंदा देवी महोत्सव में दुकान लगाने के साथ सुरक्षा की दृष्टि से दुकानदारों को पहले पुलिस सत्यापन कराना होता है। बिना सत्यापन कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाती है। इस वर्ष भी मेला परिसर में दुकाने लग चुकी हैं लेकिन अब तक सत्यापन नहीं हो पाया है। इसे लेकर पुलिस ने मुनादी कर दुकानदारों को सत्यापन करने के निर्देश दे दिए हैं। कोतवाल हेम पंत ने बताया कि आज शनिवार से दुकानदारों का सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन के लिए कोतवाली में अलग डेस्क की व्यवस्था की गई है। जहां अपने दस्तावेज लेकर दुकानदार सत्यापन करा सकते हैं।

# सरकार का मुंह देख रहा जर्जर स्कूल भवन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिले के भीमताल विकासखंड में स्थित राजकीय इंटर कालेज मंगोली के जर्जर हालत में पहुंच चुके भवन को जल्द ही जीर्णोद्धार की जरुरत है, विभाग के उच्चाधिकारियों की ओर से इस गंभीर मुद्दे पर त्वरित कार्रवाई नहीं की गयी तो कालेज में कभी भी हादसा हो सकता है इस बात से बिल्कुल भी इनकार नहीं किया जा सकता है।


बता दें कि वर्ष 1988-89 में जूनियर हाई स्कूल के रूप में उच्चीकृत राजकीय इंटर कॉलेज मंगोली वर्तमान में अपनी बदहाल और जर्जर हालत के लिए विभाग के उच्चाधिकारियों व सरकार का मुंह देख रहा है। वर्तमान में कालेज के मुखय भवन और खेल मैदान सहित प्रयोगशाला की स्थिति बहुत जीर्ण शीर्ण हालत में पहुंच चुकी है जिसकी वजह से यहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों को जान माल का खतरा लगातार बना हुआ है। कालेज के उच्चीकरण के बाद से कालेज में 400 से अधिक छात्र यहां पर पढ़ते थे लेकिन अब



कालेज की हालत को देखते हुए छात्र संख्या में लगातार कमी आ रही है। दूसरी ओर अभिभावक अपने पाल्यों का नामांकन कालेज में करने से भयभीत हो रहे हैं। विद्यालय के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हुकुम सिंह अधिकारी ने बताया कि निरंतर शिक्षा विभाग को पत्राचार करने और प्रधानाचार्य को ज्ञापन देने से वर्षाकाल में विद्यार्थियों को वैकल्पिक कक्षाओं में बैठाया जा रहा है वहीं क्षेत्र पंचायत सदस्य मुकेश मेहरा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गणेश सिंह मेहरा एवं ग्राम प्रधान नलनी गोविंद सिंह मेहरा, ग्राम प्रधान मंगोली भारती मेहरा, ग्राम प्रधान खमारी हेमचंद्र बहुखंडी आदि द्वारा नैनीताल विधान सभा की विधायिका सरिता आर्या को विद्यार्थियों की सुरक्षा के विषय में चिंता व्यक्त करते हुए ज्ञापन दिया जा चुका है। मामले में अध्यापक अभिभावक संघ के अध्यक्ष इंद्र सिंह कोरंगा बताते हैं कि अभिभावक इस जर्जर भवन के कारण अपने पाल्यों के विषय में सदैव चिंतित रहते हैं और नैनीताल तथा कालाढूंगी के विद्यालयों में अपने बच्चों का नामांकन करने पर मजबूर हो रहे हैं। जिससे कई बालिकाओं की शिक्षा में अवरोध आने की भी संभावना बनी हुई है। कई बार बच्चे चोटिल भी हुए हैं और कोई भी अप्रिय घटना कभी भी घट सकती है।

# फिल्मी दुनिया

## अल्लू अर्जुन की दादी का निधन, 94 साल में ली अंतिम सांस






*तेलुगु इंडस्ट्री से एक बड़ी ही दुखद खबर सामने आ रही है। पैन इंडिया स्टार अल्लू अर्जुन की दादी और तेलुगु के दिग्गज अभिनेता अल्लू रामलिंगैया की पत्नी अल्लू कनकरत्नम गरु का आज सुबह निधन हो गया। उनकी उम्र 94 वर्ष थी।*

*जानकारी के मुताबिक, अल्लू कनकरत्नम गरु पिछले कुछ वक्त से बीमार चल रही थीं। वो उम्र से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थीं। इस दुखद खबर के सामने आते ही अल्लू परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। अल्लू अर्जुन के प्रशंसक और तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री के लोग अल्लू परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, उनका अंतिम संस्कार आज दोपहर कोकापेट में किया जाएगा। इस दुखद खबर के सामने आते ही उनके पोते और सुपरस्टार राम चरण ने मैसूर में चल रही अपनी आगामी फिल्म 'पेद्दी' की शूटिंग तुरंत रद्द कर दी है। राम चरण जल्द ही हैदराबाद पहुंचेंगे। वहीं अल्लू अर्जुन, जो इस समय मुंबई में एटली की फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं, वह भी जल्द ही हैदराबाद जाएंगे। इस बीच, मेगास्टार चिरंजीवी अल्लू अरविंद के आवास पर औपचारिकताओं की देखरेख कर रहे हैं।*

## बागी 4 का ट्रेलर रिलीज




*टाइगर श्रॉफ और संजय दत्त स्टारर एक्शन पैक्ड फिल्म 'बागी 4' का ट्रेलर आज रिलीज हो गया है। इस ट्रेलर में अंधाधुंध खूनखराबा और वॉयलेंस देखने को मिल रहा है। ट्रेलर कहीं न कहीं आपको 'एनिमल' और 'मार्को' जैसी फिल्मों की भी याद दिला रहा है।*

# भव्य डांडिया डांस का आयोजन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

प्राचीन श्री शिव सेवा समिति द्वारा लक्ष्मी शिशु मन्दिर स्कूल में स्व. सुरेन्द्र नागर की स्मृति में सामान्य ज्ञान प्रयोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 187 बच्चों में भाग लिया।

शाम को भव्य डांडिया डांस का आयोजन किया, जिसमें कपल व ग्रुप डांडिया का आयोजन किया गया सैकड़ों महिलाओं पुरुषों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम सह संयोजक शिव कपूर व अमित आशिवानी ने बताया किया कल खाटू श्याम बाबा दरबार सजाया विपिन साहू के परिवार के सहयोग से सजाया जायेगा। कार्यक्रम संयोजक हरिमोहन अरोड़ा मीडिया प्रभारी हेमन्त साहू ने बताया कल 10 बजे से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा व शाम चार बजे खाटू श्याम निशान यात्रा धर्मपुरा बरेली रोड से कार्यक्रम स्थल तक निकली जाएगी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सासंद अजय भट्ट मेयर गजराज बिष्ट, काग्रेस नेता ललित जोशी, बीजेपी जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट , पार्षद प्रीति आर्या, प्रेम बेलवाल, हेमन्त शर्मा, मोना अध्यक्ष धर्मेन्द्र गुप्ता, प्रदीप कक्कड़, शिव कपूर, हेमन्त साहू, प्रमोद आर्या, योगेन्द्र साहू, मीमांसा आर्या, सोनू शौरी, पदम् पाल, दीपांशु शर्मा, पूरन सागर, दिनेश अग्रवाल, मुरली मुलानी, सुशील कुमार गुप्ता, रमेश सड़ना, तरुण माहेश्वरी, पंकज गुंबर, अशोक सिंधी, विपिन गुप्ता, लाला गुलशन सड़ना, महेश आहूजा, अशोक, मोंगा राम, रूप गुप्ता, धर्मेन्द्र साहू, सन्नी कपूर, चन्द्रशेखर दानी, रोहन राजपूत आदि शामिल हुए।



News कॉर्नर

## पत्रकार रिया जोशी के पिता के निधन पर शोक



नैनीताल । नगर की पत्रकार रिया जोशी के पिता विजय जोशी (63) का निधन हो गया। वह अपने पीछे पत्नी समेत पुत्र व पुत्री को रोता बिलखता छोड़ गये हैं। वह बीते कुछ समय से बीमार थे। उनका अंतिम संस्कार समीपवर्ती पाईंस शमशान घाट में किया गया। उनके निधन पर नगर के पत्रकारों ने गहरा दु:ख जताया है। बता दें दिवंगत विजय जोशी सामाजिक कार्यो में काफी सक्रिय रहा करते थे,शहर के पत्रकारों समेत उनके शुभचिंतकों ने विजय जोशी के निधन पर गहरा दुख जताया है।

## मल्लीताल से किशोरी की गुमशुदगी दर्ज की

**नैनीताल** । नगर के मल्लीताल क्षेत्र से 18 अगस्त को 12वीं में पढने वाली किशोरी की गुमशुदगी दर्ज की गई थी। पुलिस ने मामले में जांच की तो किशोरी की लोकेशन पंजाब में मिली है। जानकारी के अनुसार मल्लीताल निवासी 12वीं में पढने वाली एक किशोरी बीते 18 अगस्त को अपने घर से बाजार प्रेटिकल का सामान लेने आई थी। देर शाम तक वह घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने खोजबीन शुरू कीए लेकिन देर रात तक वह घर नहीं पहुंची ना ही उसकी कोई सूचना मिली। इसके बाद परिजन गुमशुदगी दर्ज कराने कोतवाली पहुंचे। पुलिस ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कर किशोरी की छानबीन शुरू कर दी थी। वहीं बेटी की कोई खबर न मिलने से परिजन परेशान हैं। कोतवाल हेम चंद्र पंत ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी गई थी। सीसीटीवी कैमरों में खोजबीन व लोकेशन ट्रेस करने के बाद किशोरी की लोकेशन पंजाब मिल रही हैए टीम भेजी गई है।

# अपशब्द बोलने वाला कांग्रेसी हो ही नहीं सकता: हरीश रावत

**रामनगर**

**हमारे संवाददाता**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल किए जाने पर उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने सख़्त नाराज़गी जताई है। शुक्रवार को रामनगर पहुंचे रावत ने स्पष्ट कहा कि इस तरह की भाषा बोलने वाला कोई भी व्यक्ति कांग्रेस का हिस्सा नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि किसी भी महिला के लिए अभद्र शब्द का प्रयोग अस्वीकार्य है और कांग्रेस इस तरह की सोच का कभी समर्थन नहीं करती। रावत ने इस मौके पर भाजपा पर भी पलटवार किया और कहा कि अतीत में भाजपा नेताओं द्वारा सोनिया गांधी पर भी अपमानजनक टिप्पणी की



गई थी जिसका दर्द आज भी कांग्रेस कार्यकर्ता महसूस करते हैं। उन्होंने कहा हमारी पार्टी किसी भी महिला के सम्मान से समझौता नहीं कर सकती। प्रदेश में लगातार सामने आ रही प्राकृतिक आपदाओं को लेकर रावत ने गंभीर चिंता जताई। उन्होंने रुद्रप्रयाग और चमोली की हालिया घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण हिमालयी क्षेत्र लगातार संकट में है। बादल फटना भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ जैसी घटनाएं अब आम होती जा रही हैं। इसके समाधान के लिए उन्होंने एक राष्ट्रीय नीति बनाने की जरूरत बताई और सुझाव दिया कि उत्तराखंड हिमाचल और जम्मू-कश्मीर जैसे राज्यों को मिलकर केंद्र से साझा रणनीति की मांग करनी चाहिए। इस दौरान हरीश रावत ने भाजपा के भीतर उठ रही आवाज़ों पर भी टिप्पणी की। उन्होंने इशारों में कहा कि भाजपा ने सत्ता पाने के लिए जिन लोगों का इस्तेमाल किया और बाद में किनारे कर दिया अब वही लोग सच्चाई सामने ला रहे हैं। जनता भी सब देख और समझ रही है।रामनगर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री ने कांग्रेस से निष्कासित नेता संजय नेगी व उनकी पत्नी के ब्लॉक प्रमुख पद के शपथ ग्रहण समारोह में भी हिस्सा लिया और स्थानीय कार्यकर्ताओं से राजनीतिक हालात पर बातचीत की।

# ब्लॉक प्रमुख और क्षेत्र पंचायत सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिले के भीमताल विकासखंड के ब्लॉक प्रमुख डा.हरीश सिंह बिष्ट ने कहा है कि विकास खंड का हर स्तर पर विकास करना उनका मिशन रहा है और वह लंबे समय से इन मिशन को पूरा करने में कामयाब भी हुए हैं,इसी का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि उन्हें फिर से बलाक प्रमुख के पद पर रहने का मौका मिला है, कहा कि जनप्रतिनिधियों व जनता को साथ लेकर विकासखंड में विकास की बयार बहे इसी कल्पना को लेकर वह इस बार भी कार्य करेंगे।

डा.बिष्ट ने यह उद्गार शुक्रवार को विकासखंड सभागार में शपथ ग्रहण करने के बाद विजयी जनप्रतिनिधियों व मौजूद जनता के समक्ष व्यक्त किए। इससे पूर्व उप जिलाधिकारी नवाजिस खलिक ने बलाक प्रमुख डा.हरीश सिंह बिष्ट, ज्येष्ठ उप प्रमुख उमेश पलडिया़, कनिष्ठ उप प्रमुख रागिनी आर्या तथा क्षेत्र पंचायत सदस्यों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई तथा सभी से अपने दायित्वों कर्तव्यों को पूर्ण ईमानदारी



एवं निष्ठा से करने की अपील की। प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों व जनप्रतिनिधियों को अपने समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुए मेरा प्रयास है गांव के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाऊंगा। डॉ. बिष्ट को उनके उत्साही समर्थकों के द्वारा फूल मालाओं सहित स्वर्ण कलर की गदा तलवार तथा महाराज जी फ ोटो सहित अन्य स्मृति चिन्ह भेंट किए। डा.बिष्ट ने कहा कि 2003 से लगातार पंचायतों में किए गए कार्य मिल के पत्थर साबित हो रहे हैं। हमारे द्वारा हमेशा कुछ नए कार्य करने का प्रयास किया गया है इन्हें आगे बढ़ाने का प्रयास रहेगा अपनी पूर्ण जानकारियों के साथ अधिकारियों से जनप्रतिनिधियों ने चर्चा करनी चाहिए। इस अवसर पर उमेश पलडिया़, रागिनी आर्या, पूर्व प्रमुख गीता बिष्ट, देवेंद्र ढेला, खण्ड विकास अधिकारी महेश्वर सिंह अधिकारी, एडीओ पंचायत भूपाल बिष्ट सहित समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान भाजपा एवं अन्य संगठनों के पदाधिकारी पूर्व जनप्रतिनिधि अन्य जनप्रतिनिधि ग्रामीण मौजूद रहे। संचालन ग्राम विकास अधिकारी उत्तम नाथ गोस्वामी ने किया।

# नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुख मंजू गौड़ ने अपने पद की शपथ ली

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

प्रदेशभर में ब्लॉक प्रमुखों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोहों की श्रृंखला के तहत शुक्रवार को हल्द्वानी ब्लॉक में भी समारोह उत्साह और उमंग के माहौल में आयोजित हुआ। नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुख मंजू गौड़ ने अपने पद की शपथ ली।

उन्हें शपथ एसडीएम हल्द्वानी राहुल शाह ने दिलाई। इसके बाद उन्होंने ज्येष्ठ व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख के साथ सभी नवनिर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।समारोह के दौरान स्थानीय लोगों ने अपने प्रतिनिधियों का तालियों और नारों के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर सभी जनप्रतिनिधियों ने जनता के विश्वास पर खरा उतरने का संकल्प दोहराया और कहा कि वे क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता देंगे।नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुख मंजू गौड़ ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता सभी को साथ लेकर चलना और क्षेत्र का समग्र विकास करना होगा। उन्होंने जानकारी दी कि ब्लॉक बोर्ड की पहली बैठक कल आयोजित की जाएगी, जिसमें आगामी कार्यों का एजेंडा तय किया जाएगा।जनता ने भी इस अवसर पर अपने प्रतिनिधियों पर भरोसा जताते हुए विकास कार्यों की उम्मीदें व्यक्त कीं। शपथ ग्रहण का यह अवसर हल्द्वानी ब्लॉक के लिए नई ऊर्जा और नए संकल्पों का प्रतीक बन गया।



# जश्ने ईद मीनादुल नबी के मौके पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

समाजवादी पार्टी के प्रदेश प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी के नेतृत्व में जश्ने ईद मीनादुल नबी के उपलक्ष में समाजवादी पार्टी के कार्यालय 17- आजाद नगर पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया ।

जिसमें भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया । सिद्दीकी ने सभी कार्यकर्ताओं एवँ रक्त दाताओं की हौसला अफ़ज़ाई करते हुए कहा किआप लोगों का रक्तदान ना जाने कितने लोगों के जीवन बचाने में मददगार साबित होगा। कहा पहले हल्द्वानी में ब्लड बैंक नहीं हुआ करती थी लोगों को बरेली से ब्लड लेने के लिए जाना पड़ता था। लेकिन मरहूम रूप सिद्दीकी प्रयासों से देश चिकित्सालय में ब्लड बैंक खोली गई मशीन सिद्दीकी ने कहा कि रक्तदान एक ऐसा दान है कि इसमें किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं है इसलिए भेदभाव उठाकर सभी धर्म के लोगों को एक जुट होना चाहिए। मतीन ने बताया इसी महीने में हमारे नबी हज़रत मुहम्मद साहब के योमे पैदाइश ( जन्म दिन ) मनाया जाता है ।और ऐसे शुभ अवसर पर इस से बेहतर और अच्छा कार्य और क्या हो सकता है। सिद्दीक़ी ने कहा कि हज़रत मुहम्मद साहब ने हमेशा आपसी भाईचारे, लोगों की मदद करने और साफ़ सफ़ाई का संदेश देने के साथ साथ अपने दोर के लोगों से उस पर अमल भी कराया ।उन्होंने कहा हज़रत मुहम्मद साहब को याद कर लीजिए जिन्होंने अपनी ज़िंदगी में हमेशा साफ-सफ़ाई का विशेष ध्यान रखा और उनका कहना है कि सफ़ाई इंसान का आधा ईमान है ।साथ ही उन्होंने कहा कि यदि आपका कोई साथी या पड़ोसी भूखा है या परेशान है । तो आप पहले उसे खाना खिलाए और उसकी मदद करें । चाहे वो किसी भी धर्म या जाति का हो उसके बाद आप खाना खाएं। हज़रत मुहम्मद साहब ने अपने जीवन में सैकड़ो बार ऐसा किया कि आप ख़ुद ख़ाली पेट रहे और दूसरे भूखे लोगों को खाना खिलाया । यहां तक के वह अपने कपड़े और ओढ़नी तक ज़रूरत मंद लोगों को दे दिया करते थे ।अगर हम लोग भी उनके बताये व दिखाये रास्ते पर चलें तो दुनिया में कोई भी व्यक्ति परेशान नहीं होगा ।




## खुले में शौच करने पर लोगों ने विरोध जताया

**नैनीताल** । नगर के मल्लीताल में अशोक पार्किंग स्थल के समीप लोगों के खुले में शौच करने पर लोगों ने विरोध जताया है। आर्य समाज के मंत्री की ओर से ईओ को पार्किंग के समीप शौचालय बनाने की मांग की है। आर्य समाज के मंत्री केदार सिंह की ओर से ईओ को पत्र लिख कहा गया है कि अशोक पार्किंग स्थल पर कोई शौचालय नहीं होने के कारण वाहन चालक व पर्यटक खुले में शौच कर रहे हैं। पालिका भवन के सामने गंदगी फैल रही हैए जिससे नगर का नाम खराब हो रहा है।

## 16 की जगह सिर्फ 12 अध्यापक कार्यरत

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कालेज के प्रधानाचार्य चंद्र शेखर जोशी के मुताबिक कालेज में विद्यार्थियों की संखया 200 है। कालेज में इंटरमीडिएट स्तर पर विज्ञान वर्ग की कक्षाएं भी संचालित होती हैं जिनमें 35 छात्र छात्राएं गणित एवं जीव विज्ञान शाखा में अध्यनरत हैं। स्वीकृत 16 अध्यापकों के पदों के सापेक्ष 12 अध्यापक कार्यरत हैं। हिंदी/ अंग्रेजी/ संस्कृत के प्रवक्ता लंबे समय से नहीं हैं। व्यायाम अध्यापक का पद भी रिक्त चल रहा है। भूगोल विषय का संचालन हो रहा है लेकिन



भूगोल के प्रवक्ता का पद सृजित नहीं है। वर्तमान में जर्जर मुख्य भवन का ध्वस्तीकरण हेतु निष्प्रयोज्य प्रमाण पत्र लोक निर्माण विभाग से प्राप्त कर भवन ध्वस्तीकरण का प्रस्ताव बनाकर मुखय शिक्षा अधिकारी भीमताल को भी प्रेषित किया गया है।

## सूचना

मैं फर्म मै0 जे0 एण्ड वी ग्रुप- दुकान नं0-2 तीसरी मंजिल जोशी कॉम्पलैक्स, हरिपुर पूर्णानन्द गोरापड़ाव, नियर कुमाऊं मोटर ड्राइविंग स्कूल, हल्द्वानी (नैनीताल) का में साझेदार था, जो कि दिनांक-27.03.2024 से अलग हो गया हूं। अभी से मेरा फर्म में कोई लेन-देन नहीं होगा। जिस किसी को कोई भी आपत्ति हो तो उपनिबंधक फर्म सोसायटी एवं चिट्स कार्यालय, हीरा नगर, हल्द्वानी में सात दिन के भीतर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। **-सौरभ कांडपाल पुत्र गोपालदत्त कांडपाल, हल्द्वानी**

# वैश्य महासभा के तत्वाधान में गणेश महोत्सव पर पूजा -अर्चना की

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

वैश्य महासभा के तत्वाधान में आयोजित 22 वें श्री गणेश महोत्सव 2025 के तृतीय दिवस श्री रामलीला मैदान में प्रात: कालीन बेला में भगवान श्री गणेश जी की संपूर्ण विधि -विधान से पूजा -अर्चना पंडित विवेक शर्मा एवं गिरीश कांडपाल के द्वारा कराई गई तथा मुख्य यजमान के रूप में राम किशोर अग्रवाल सपत्निक उपस्थित थे। वहीं बद्री प्रसाद गुप्ता, किशन लाल गुप्ता, यश ,एवं वैभव गुप्ता सहित सैकड़ो श्रद्धालुओं ने ने श्रद्धा भाव से पूजा अर्चना में भाग लिया। पूजा अर्चना के दौरान पूरा पंडाल भक्ति




में हो गया और सभी श्रद्धालु गणपति बप्पा मोरया उद्घोष कर रहे थे।

सायं कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम की बेला का प्रारंभ प्रकांड विद्वान एवं पंडित पवन झा द्वारा श्री गणेश महिमा का गुणगान करके किया गया। तत्पश्चात सनातन धर्म पर आधारित एक प्रश्नोत्तरी का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभा किया। आज की सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में रिदम डांस क्लासेस नवाबी रोड द्वारा श्री पार्वती कथा तथा क्लासिकल डांस ,राधा- कृष्ण तथा फ्लाई हाई डांस स्टूडियो के द्वारा गोलोक रस तथा एल0जे0 संगीत स्कूल द्वारा द्रोपदी चीर हरण तथा देशभक्ति पर प्रस्तुति में रहूं ना रहूं भारत यह रहना चाहिए, इसके अलावा पावर ऑफ यूनिटी ग्रुप द्वारा गणेश वंदना तथा एक्स डांस क्रु स्टूडियो द्वारा श्री गणेश स्पेशल क्लासिकल डांस की शानदार प्रस्तुति रही तथा अभाव्य डांस एकेडमी देवलचौड़ द्वारा सिंदू लाल मैशअप डांस दारमा तथा सुखकर्ता दुखहर्ता की शानदार प्रस्तुति रही। सभी भक्तगण कलाकारों के प्रदर्शन से मंत्रमुग्ध हो गए और जबरदस्त तालिया से उनका उत्साह बढ़ा रहे थे ।